केस स्टडी- 1 (फरवरी-2024)

जारी तिथि : 07.02.24

SPAD

घटनाक्रम:- दिनांक 06.02.24 को मध्य रेल के नागपुर स्टेशन में ट्रेन क्र. 12809 DN, लोको क्र. 37011/Tata से दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के NGP मण्डल मुख्यालय के कर्मीदल द्वारा कार्य करते समय, प्लैटफ़ार्म नंबर 6 का स्टार्टर सिग्नल S-71, 11.40 बजे मिलने के उपरांत लोको पायलट ने गाड़ी स्टार्ट की, 11.45 बजे कर्मीदल को वाकी-टाकी पर **"गाड़ी खड़ी करो"** की आवाज़ सुनाई दी। लोको पायलट ने गाड़ी तुरंत 11.46 बजे खड़ी कर दी, बाद में लोको पायलट को बताया गया कि आपने इंटरमिडिएट स्टार्टर S-85 (जो कि दायीं ओर स्थित था) को **ऑन स्थिति में पास** करके आए हैं। (समय:-11:45 बजे , दूरी 119 मिटर आगे व गति 9 Kmph)। ट्रेन क्र. 22846 UP को पहले प्लैटफ़ार्म नंबर 3 पर लेना था जिसकी वजह से इंटरमिडिएट स्टार्टर नंबर S-85 को लाल रखा गया था ताकि होम सिग्नल नंबर S-98 पर खड़ी गाड़ी 22846 UP को लिया जा सके।



संभावित कारण:-

- ✓ कर्मीदल ने इंटरमिडिएट स्टार्टर नंबर S-85 (जो कि दायीं ओर स्थित था) को नजर अंदाज़ किया।
- ✓ लोको पायलट के कथनानुसार उसका ध्यान 'D' केबिन पर चला गया था, जिसकी वजह से इंटरमिडिएट स्टार्टर सिग्नल S-85 पर ध्यान नहीं गया।
- ✓ सहायक लोको पायलट के कथनानुसार उसका ध्यान बाजू वाली गाड़ी क्र . 22846 पर था, जिसकी वजह से इंटरमिडिएट स्टार्टर S-85 को देखने से चूक गया।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ **हाथ के इशारे से सिग्नल को ज़ोर से पुकारें**।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर **अगला सिग्नल लाल** ही होगा, यह मानकर गाड़ी को कंट्रोल करें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने के बाद, ALP **ने LP को बार बार याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल** है।
- ✓ गाड़ी प्रस्थान करते समय, सिग्नल के नजदीक पहुँचते समय कर्मीदल को **अन्य किसी गतिविधियों में अपने को लिप्त** नहीं करना चाहिए।
- ✓ एक पीला सिग्नल दिखाई देने पर कर्मीदल को **अन्य किसी गतिविधियों में अपने को लिप्त** नहीं करना चाहिए।
- ✓ सिग्नल के संकेतो का कड़ाई से पालन करें व ट्रेन की **गति हमेशा सिग्नल के अनुसार नियंत्रण** में रखें।
- ✓ ALP को LP की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए व किसी भी खतरे की स्थिति को भांपते हुए तुरंत **RS वाल्व खोल** देना चाहिए।

पवनकुमार

(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।